दिन– बुधवार दिनांक– 30 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने आम जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने को मंजूरी दी। सत्तापक्ष के साथ–साथ विपक्ष ने भी सरकार के फैसले का स्वागत किया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति जनगणना कराने के फैसले पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। राजद ने कहा – ये समाजवादियों की जीत है।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के पहले ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन–वेव्स–दो हजार पच्चीस का कल मुम्बई में उद्घाटन करेंगे।

04. और, चार मई को खेलो इंडिया यूथ गेम्स का शुभारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया करेंगे।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने देश में जाति जनगणना कराने का निर्णय किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। केन्द्रीय मंत्री अश्विणी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों को इस अहम निर्णय की जानकारी देते हुये बताया कि जाति जनगणना का कार्य आम जनगणना के साथ कराया जायेगा। श्री वैष्णव ने कहा कि इसका उद्‌देश्य समाज के सभी वर्गों तक सरकार की योजनाओं का लाभ उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप पहुंचाना है।

———बाईट———

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति जनगणना कराने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया है। श्री कुमार ने कहा कि जाति जनगणना कराने की हमलोगों की पुरानी मांग है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पोस्ट में इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि जाति जनगणना कराने से विभिन्न वर्गों के लोगों की संख्या का पता चलेगा जिससे उनके उत्थान और विकास के लिए योजनाएँ बनाने में सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति गणना से देश के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने जाति जनगणना कराने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन तथा धन्यवाद किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने जाति जनगणना के निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। इससे देश को एक प्रमाणिक आंकड़ा मिलेगा।

———————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि इससे गरीब जातियों को मुख्य धारा में लाने में मदद मिलेगी।

---बाईट---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस कदम से सभी जातियों के लिए नीतियां बनाने और उसे लागू करने में मदद मिलेगी।

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने कहा है कि जाति जनगणना का निर्णय उन लोगों को करारा जवाब है जो राष्ट्रीय जनता दल को जातिवादी कहते थे। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने कहा कि जाति जनगणना को राष्ट्रीय जनगणना का हिस्सा बनाने की घोषणा हमारे पूर्वजों तथा समाजवादियों की जीत है।

---बाईट---

---

जनता दल यूनाईटेड के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि इससे कल्याणकारी नीतियां बनाने में मदद मिलेगी।

---बाईट---

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले ने उन लोगों को सबक दिया है जो जातीय जनगणना का राग तो अलापते रहें, लेकिन दशकों तक सत्ता में बने रहने के बावजूद कुछ नहीं किया।

जन सुराज पार्टी के संरक्षक प्रशांत किशोर ने कहा है कि जाति जनगणना कराने से उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। श्री किशोर ने कहा कि सरकार को इस रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए।

---

एक अन्य फैसले में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने चालू चीनी सीजन दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तीन सौ पचपन रूपये प्रति क्विंटल तय किया है। केन्द्रीय मंत्री अश्विणी वैष्णव ने बताया कि ये बेंचमार्क कीमत है, जिसके नीचे गन्ने की खरीदारी नहीं की जा सकती है।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले में लोगों की शहादत से पूरे देश में एक नई चेतना पैदा हुई है। श्री खां ने आज उत्तर प्रदेश के कानपुर में आतंकी हमले में मारे गये शुभम द्विवेदी के परिवार से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ नतीजे वाली कार्रवाई होगी।

---बाईट---

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के पहले ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन–वेव्स–दो हजार पच्चीस का कल मुंबई में उद्घाटन करेंगे। चार दिन के इस सम्मेलन का मुख्य विषय है रचनाकारों को और विभिन्न देशों को साथ में जोड़ना। इसमें विश्वभर के क्रिएटर और स्टार्टअप, उद्योग प्रमुख और नीति निर्माता शामिल होंगे। यह सम्मेलन श्रव्य–दृश्य तथा मनोरंजन उद्योग के भविष्य के बारे में चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा।

———————————————————————————

बिहार की मेजबानी में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस के उदघाटन समारोह को लेकर कार्यक्रम तय कर दिये गये हैं। चार मई को पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में भव्य समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया इसका उद्‌घाटन करेंगे। सुनते हैं हमारे संवाददाता की रिपोर्ट –

———बाईट———

पहली बार बिहार की मेजबानी में हो रहे खेलो इंडिया, यूथ गेम्स को लेकर राज्य में खेल प्रेमियों के बीच उत्साह का वातावरण है। चार मई को रंगारंग उदघाटन समारोह होगा। इसमे जाने माने खिलाडियों के साथ साथ फिल्मी और कला जगत के जाने माने कलाकार भाग लेंगे। उदघाटन समारोह का आयोजन संध्या छह बजे पटना के कंकडबाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में होगा। समारोह में खिलाडियों के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया जायेगा।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स राष्ट्रीय खेलों के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा खेल आयोजन है। उदघाटन समारोह में कई नामी गिरामी कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देंगे। बिहार के निवासी और जाने माने अभिनेता पंकज त्रिपाठी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। आकर्षक प्रकाश सज्जा और बिहार के बारे में प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। 15 मई तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश भर से साढे आठ हजार से अधिक खिलाड़ी और डेढ हजार से अधिक ऑफिशियल हिस्सा लेंगे । कार्यक्रम में 28 अलग अलग प्रकार के खेलों की प्रतिस्पर्धाएं होंगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गया में खेल आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने गया के बिपार्ड में मेजर ध्यानचंद खेल परिसर का शुभारंभ किया। साथ ही अत्याधुनिक स्वीमिंग पूल और ओपन एयर थियेटर का भी उदघाटन किया।

धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में आज भी आंधी, बारिश और वज्रपात की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और कुछ स्थानों पर वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————

बिहार समेत चार राज्यों के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और बीएलओ का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से नई दिल्ली में शुरू हो गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचन आयोग की आगामी विधान सभा चुनावों की तैयारियों का हिस्सा है। यह प्रशिक्षण बीएलओ को मतदाता पंजीकरण, फॉर्म हैंडलिंग, और अन्य चुनावी प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन में दक्षता हासिल करने में मदद करेगा। अधिकारियों को ईवीएम और वीवी पैट के तकनीकी प्रदर्शन का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

————————————————————

पटना जिले के पंडारक थाना क्षेत्र अन्तर्गत मेकरा दियारा क्षेत्र में एसटीएफ और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनो ओर से करीब चालीस राउंड गोलियां चली। पकड़े गये अपराधियों के पास से दो रायफल, देसी पिस्तौल और भारी संख्या में कारतूस बरामद किये गये हैं। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ कर रही है।

————————————————————

अक्षय तृतीया का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस तिथि को काफी शुभ माना जाता है। इस अवसर पर लोग पवित्र नदियों और जलाशयों में पवित्र स्नान कर दान—पुण्य करते है। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने गंगा समेत अन्य पवित्र नदियों में स्नान किया। हमारे मुंगेर संवाददाता ने बताया कि जिले में गंगा नदी के कष्टहरनी घाट, बबुआ घाट और सोझी घाट पर सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ लगी रही। वहीं, बक्सर के रामरेखा घाट पर बड़ी संख्या में गंगा नदी में लोगों ने पवित्र स्नान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को अक्षय तृतीया की शुभकमनाएं दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मानवता को समर्पित यह त्योहार सभी के लिए सफलता, समृद्धि और खुशी लेकर आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह अवसर विकसित भारत के निर्माण की सामूहिक प्रतिबद्धता में पुनः शक्ति प्रदान करेगा।

————————————————————

काउन्सिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफ़िकेट ऍग्ज़ामिनेशन— आईसीएसई की दसवीं और बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया हैं। दसवीं में निन्यानवे दशमलव तीन—सात प्रतिशत के साथ छात्राओं ने छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है। बारहवीं की परीक्षा में भी लड़कियों ने बाजी मारी है। बारहवीं की परीक्षा में निन्यानवे दशमलव चार—पांच प्रतिशत छात्राएं पास हुई हैं। विद्यार्थी बोर्ड की वेबसाइट cisce.org and results.cisce.org पर अपने परिणाम देख सकते हैं।

————————————————————

आज बाल श्रम उन्मूलन दिवस है। बाल श्रम के खिलाफ लोगों को जागरूक करने और चौदह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है।

———————————————————————

शेखपुरा में बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गयी। उप विकास आयुक्त संजय कुमार ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

———————————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र में कपड़ा व्यवसायी दीपू कुमार की हत्या के विरोध में आज व्यापारियों ने फलकाहा बाजाद बंद कर दिया है। स्थानीय लोगों और मृतक के परिजनों ने इसके खिलाफ आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया।

———————————————————————

सीवान जिले के मेरवा थाना क्षेत्र के तितरा से पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

समस्तीपुर के कैलाश सभागार में पूर्व विधान पार्षद स्वर्गीय हरि नारायण चौधरी की पुण्य तिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केन्द्र सरकार ने आम जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने को मंजूरी दी। सत्तापक्ष के साथ—साथ विपक्ष ने भी सरकार के फैसले का स्वागत किया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति जनगणना कराने के फैसले पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। राजद ने कहा — ये समाजवादियों की जीत है।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के पहले ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन—वेव्स—दो हजार पच्चीस का कल मुम्बई में उद्घाटन करेंगे।

04. और, चार मई को खेलो इंडिया यूथ गेम्स का शुभारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया करेंगे।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।